(d) and (e) Tenders were invited from the Indian companies with a view to provide Cellular Mobile Telephone Service, which is cableless telephone system, initially in Bombay, Delhi, Calcutta and Madras on a licence basis. 8 bidders, two in each city, were provisionally selected. Some of the unsuccessful bidders filed a civil writ petition in the High Court of Delhi. The judgement in the case has since been delivered and is under study.

(f) *Does not arise.*

बंगलौर में तार-रहित टेलीफोन प्रणाली

2548. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** की : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने बंगलौर में तार-रहित टेलीफोन प्रणाली की शुरुआत की है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार इस तरह की प्रणाली देश के अन्य नगरों में भी प्रारम्भ करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी नहीं

(ख) प्रश्न ही उठता ।

(ग) और (घ) आरंभ में बंबई, दिल्ली कलकत्ता और मद्रास में लाइसेंस आधार पर सेल्यूलर सचल टेलीफोन सेवा, जो केबल रहित टेलीफोन प्रणाली हैं, प्रदान करने की दृष्टि से भारतीय कंपनियों से निविदायें मांगी गई थी । 8 बोलीदाताओं को, अर्थात प्रत्येक शहर से दो-दो को अंतिम रूप से चुना गया था । कुछ असफल बोलीदाताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक सिविल रिट याचिका दायर की है । इस मामले में फैसला सुना दिया गया है जिसका अध्ययन किया जा रहा है । आठवीं योजना के दौरान बंगलौर सहित देश के अन्य बड़े शहरों में भी सेल्यूलर सचल प्रणाली प्रदान करने की योजना है ।

उपभोक्ता टेलीफोनों पर फैक्स प्रणाली के लगाए जाने के लिए शुल्क

2549. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि टेलीफोन उपभोक्ताओं को अपने-अपने टेलीफोनों पर फैक्स प्रणाली लगाने के लिए 3000/- रुपये के वार्षिक शुल्क का भुगतान करना पड़ता है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस पर प्रभारित सालाना शुल्क के कारण फैक्स के उपभोक्ताओं की संख्या में पर्याप्त वृद्धि नहीं हो रही है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि कुछ टेलीफोन उपभोक्ता अपने टेलीफोनों पर अवैध रूप से फैक्स प्रणाली लगाए हुए हैं ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार टेलीफोन राजस्व में वृद्धि करने के लिए फैक्स सुविधा निःशुल्क देने का विचार रखती है ;

(ङ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी हां ।

(ख) जी नहीं । फैक्स उपकरण वाले उपभोक्ताओं की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है ।